# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आकांक्षा हाट का किया उद्घाटन, प्रदेश की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना
- उत्तराखंड के चौबीसवें स्थापना दिवस पर लखनऊ में हुआ उत्तराखंड दो हजार चौबीस महोत्सव का आयोजन, पद्म श्री डॉ कल्याण सिंह रावत को मिला उत्तराखंड गौरव का सम्मान
- प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज
- त्योहार मना कर लौट रहे यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे चला रहा है दो सौ पचपन पूजा विशेष रेलगाड़ियां
- महाकुंभ दो हजार पच्चीस में विदेशी पर्यटकों को मिलेगी विशेष टेंट सिटी की सुविधा

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कल आकांक्षा हाट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षा हाट राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों को अपनी रचनात्मकता और उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करता है। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस बस में महिला यात्रियों को टिकट में विशेष छूट प्रदान की जायेगी। इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि डबल डेकर ईवी बस से यातायात की समस्या को दूर करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मदद मिलेगी।

***उत्तर प्रदेश देश की आबादी के रूप से बड़ा है। 25 करोड़ की आबादी यहां निवास करती हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा बेहतरीन यह पहचान कराती है समाज की, लोगों की धारणा, उसके रूप बढ़ती है हमारे रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, पब्लिक ट्रांसपोर्टस ऐसा उसके अनुरूप लोग धारणा बनाते हैं और इलेक्ट्रिक बस का शुभारंभ यहां पर आकांक्षा स्मृति के तत्वाधान में हिंदुजा ग्रुप ने हमें प्रदान किया है।***

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद रहे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने लखनऊ में गोमती रिवर फ्रंट पार्क में आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से पाठ्यक्रम के साथ–साथ रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि कालजयी रचनाओं के लिए लेखकों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

***नेशनल बुक ट्रस्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिल करके एक अच्छी पहल की है। इस पहल को हमें घर–घर तक पहुंचाना है और चिंतन की परंपरा को हमें विकसित करना होगा। कुछ कालजयी रचनाएं देनी पड़ेंगी, आवश्यक नहीं कि किसी एक विषय को लेकर अलग–अलग विषयों को लेकर अन्य तमाम ऐसे सेक्टर है हरेक सेक्टर में कुछ न कुछ एक नयी शुरूआत हो सकती है और उस नयी शुरूआत के लिए लोगों के अंदर रूचि पैदा करनी है, आप की आवश्यकता क्या है, पुस्तक मेले उसके उदाहरण बनने चाहिए।***

यह पुस्तक मेला भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से शुरू हुआ है जो सत्रह नवम्बर तक चलेगा।

**********

उत्तराखंड ने कल अपना चौबीसवां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर उत्तराखंड महापरिषद ने लखनऊ में उत्तराखंड महोत्सव दो हजार चौबीस का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महोत्सव में हिस्सा लिया । इस अवसर पर मैती आंदोलन के प्रणेता पद्म श्री डॉ कल्याण सिंह रावत को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में आध्यात्मिक पर्यटन के लिए लोग श्रद्धा भाव से आ रहे हैं । यह रोजगार सृजन का एक बड़ा माध्यम बनेगा।

***इस स्पिरिचुअल टूरिज्म के लिए जिसमें श्रद्धाभाव के साथ लोग जाते हैं। एक बड़े संकेत का हम सब का ध्यान आकर्षित करता है और यह मेरा मानना है यह केवल वहां पर इतने श्रद्धालु और टूरिस्ट ही नही रहेगा बल्कि यह घोषणा सृजन का भी माध्यम बनेगा। बहुत बड़ा घोषणा सृजन का माध्यम बनेगा।***

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवम्बर को प्रस्तावित उपचुनाव के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अलीगढ़ के खैर, मैनपुरी के करहल और कानपुर नगर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाएं कीं। उन्होंने विपक्षी दलों पर पर आरक्षण के मुद्दे पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पार्टियां वोट बैंक की राजनीति करती हैं और जनता की भावना के साथ–साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता के साथ भी खिलवाड़ कर रही हैं। उधर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में आयोजित

पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण गरीबों, व्यापारियों, किसानों, युवाओं और नौकरी–पेशा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इटावा में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भी चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। उन्होंने प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय आशुतोष टंडन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित परिचर्चा में हिस्सा लिया।। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

**********

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, आज आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे।

**********

त्योहार मना कर अपने गंतव्य को वापस लौटने वाले लोगों के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से जुड़ी दो सौ पचपन पूजा विशेष रेलगाड़ियां एक हजार सात सौ पच्चीस फेरों में चलाई जा रही हैं। पिछले वर्ष एक सौ सैंतालिस विशेष गाड़ियां पांच सौ छप्पन फेरों में चलाई गई थीं। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आज पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों को जोड़ने वाली अट्ठाइस विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से अठारह गाड़ियां पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से चलाई जाएंगी।

**********

प्रयागराज में जनवरी दो हजार पच्चीस में शुरू होने जा रहे महाकुंभ में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि विदेशी पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए विशेष टेंट सिटी बनाई जा रही है ।

***विदेशों के पर्यटकों के लिए टेंट सिटी विकसित की जा रही है। इसमें 2500 टेंट्स बनाये जा रहे हैं, जिसमें आराम से 2 या 3 व्यक्ति प्रति टेंट रह सकते हैं। होम स्टे की भी सुविधा वहाँ पर विकसित की जा रही है। 2000 होम स्टे पूरे प्रयागराज सिटी में ताकि लोग परिवार जन के साथ भी रुक सके। भारतीय संस्कृति को महसूस कर सके उनका खानपान, उनका रहना, खासतौर पर जब लोग बाहर जाते हैं विदेशी लोग तो वो वहाँ की संस्कृति वहाँ के खानपान से भी जुड़ना पसंद करते हैं।***

**********

अयोध्या में प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेले का प्रथम चरण चौदह कोसी परिक्रमा कड़ी सुरक्षा के बीच कल सुबह शुरू हो गया । यह आज शाम तक चलेगा। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद इस पहले कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

**********

प्रदेश भर में कल गोपाष्टमी का पर्व परम्परागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ के चौक क्षेत्र में अवध गौशाला में गौ माता का पूजन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गायों के संरक्षण के लिए गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। मथुरा जिले में जगह–जगह गाय को गुड़, चना, केला, रोटी आदि खिला कर पूजन किया गया। गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर, गीटा वाटिका और तारामंडल के पास गोपाष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित कर गो पूजन किया गया और उन्हें छप्पन भोग खिलाया गया। हापुड़ की तीर्थनगरी गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेला भी कल गोपाष्टमी से शुरू हो गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान और पूजा–अर्चना के साथ गो–पूजन किया।

**********

प्रदेश के फिरोजाबाद और लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात हुए अलग–अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गये। फिरोजाबाद के नसीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर एक बस सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये।

वहीं लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस वे पर कार और ट्रेलर की टक्कर हो गई। जिससे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये।

**********

बहराइच जिले के महराजगंज में मूर्ति बिसर्जन के दौरान हुए बवाल के मामले में कल वहां की पुलिस तीन दर्जन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**********